newsjankalyanseva@gmail.com

# जनकल्याण सेवा

साप्ताहिक

ठाणे | वर्ष - २३ | अंक - ३ | ५ से ११ फरवरी २०२४ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## आर्थिक प्रगती

समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दस वर्षों में कई उल्लेखनीय सुधार हुए हैं, जिसका असर आर्थिक प्रगति पर स्पष्ठ देखा जा रहा है। इस बार आर्थिक सर्वेक्षण के बजाय वित्त मंत्रालय ने बजट पूर्व आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट पेश की। चुनावी वर्ष होने की वजह से इस बार अंतरिम बजट पेश होगा, इसलिए सरकार ने फैसला किया कि आर्थिक सर्वेक्षण के बजाय समीक्षा रिपोर्ट पेश की जाएगी। आर्थिक सर्वेक्षण चुनाव के बाद पेश होने वाले पूर्ण बजट के समय प्रकाशित किया जाएगा। अभी तक यही परंपरा रही है कि बजट से एक दिन पहले आर्थिक सर्वेक्षण प्रकाशित किया जाता है। उसमें बताया जाता है कि पिछले बजट में सरकार ने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें कहां तक हासिल किया जा सका है। इस तरह आर्थिक सर्वेक्षण एक तरह से सरकार के पूरे एक वर्ष के प्रदर्शन का मूल्यांकन भी करता है। मगर इस वर्ष वह परंपरा बदल दी गई। समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्तवर्ष में भारत की विकास दर सात फीसद रहेगी। अगले तीन वर्षों में पांच लाख करोड़ डालर के सफल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अभी ३.७ लाख करोड़ डालर की अनुमानित जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है। २०३० तक इसके सात लाख करोड़ डालर तक पहुंचने और २०४७ तक विकसित राष्ट्र बनने की उम्मीद जताई गई है। समीक्षा रिपोर्ट में लगभग वही बातें कही गई हैं, जो पिछले काफी अरसे से कही जा रही हैं। पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनना सरकार का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य है। अभी जिस तरह दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है, मगर उसके बीच भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ बना हुआ है, उसमें इसके पांच लाख करोड़ डालर के लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल नहीं माना जा रहा। समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दस वर्षों में कई उल्लेखनीय सुधार हुए हैं, जिसका असर आर्थिक प्रगति पर स्पष्ठ देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक घरेलू मांग और निवेश बढ़ा है, जिसके चलते पिछले तीन वर्षों से विकास दर सात फीसद से अधिक रही है। हालांकि समीक्षा रिपोर्ट में कही गई बातों से कितने आर्थिक विशेषज्ञ सहमत होंगे, देखने की बात है। एक संतुलित अर्थव्यवस्था में विकास दर की जो गति होनी चाहिए, वह लड़खड़ाती नजर आती है। महंगाई और बेरोजगारी की दर पर काबू पाना अब भी बड़ी चुनौती है। इसलिए घरेलू मांग और निवेश का बढ़ना कुछ असंगत जान पड़ता है। औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में उत्साह नजर नहीं आ रहा। निर्माण और विनिर्माण क्षेत्र भी उतार-चढ़ाव के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में विकास दर में संतुलन को लेकर सवाल बने रहते हैं। हालांकि दुनिया की सभी रेटिंग एजंसियां मानती हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और इस वर्ष इसके सात फीसद से ऊपर रहने का अनुमान है। मगर व्यापार घाटे और राजकोषीय घाटे से पार पाना अब भी कठिन बना हुआ है। रोजगार के अपेक्षित नए अवसर सृजित न हो पाने के कारण बड़ी संख्या में लोगों की क्रयशक्ति कमजोर हुई है। बाजार में पूंजी का प्रवाह संतुलित नहीं हो पा रहा, जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक को रेपो दरों के मामले में कड़ा रुख अपनाए रखना पड़ रहा है। आय में असमानता बढ़ रही है, जो बड़ी चिंता का विषय है। इसलिए गरीबों की संख्या में कमी आने को लेकर भी संदेह जताए जा रहे हैं। ऐसे में अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर निस्संदेह उत्साह पैदा करती है, पर बुनियादी कमजोरियों को दूर किए बिना विकसित राष्ट्र के दावे शायद अधूरे ही रहें।

## कॉन्ट्रैक्टर के झोल से महानगरपालिका की खुली पोल






मीरा भाईंदर महानगरपालिका के कॉन्ट्रैक्टर ने तो हद कर दी. बिना टॉयलेट की शीट निकाले ही नही. शीट लगा दी. पैसे खाने का नया तरीका ढूंढ निकाला कॉन्ट्रैक्टर ने

## नागरिकों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : पुलिस प्रशासन शहर में सीसीटीवी कैमरे के नियंत्रण कक्ष की देखभाल करने में विफल हो रहा है, इसलिए अब महानगरपालिका ने इस कक्ष की जिम्मेदारी फिर से लेने का फैसला किया है। अब इसके लिए पूर्णकालिक स्वतंत्र कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। यह कदम मीरा रोड के नयानगर में हुई हिंसक घटना के बाद उठाया गया। बता दें कि शहर को पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरों से कवर किया जा रहा है। यह निर्देश गृह विभाग की ओर से दिया गया है इसलिए कंसलटेंट नियुक्त कर गृह विभाग, मनपा और पुलिस तीनों सिस्टम ने एक साथ शहर का सर्वे किया है। सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए १७४ करोड़ रुपए की धनराशि मंजूर की गई है। कुछ तकनीकी दिक्कतों के चलते यह काम अभी रुका हुआ है। चूंकि इस काम को शुरू होने में काफी समय लगने की संभावना है, इसलिए महानगरपालिका ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। इसी के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शहर में ४८ मुख्य स्थानों पर कैमरे लगे हैं, जिसका नियंत्रण कक्ष भायंदर-पश्चिम में फ्लाईओवर के नीचे स्थापित किया गया



है।इससे पहले इसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन को सौंपी गई थी। दंगा भड़कने के बाद पुलिस की ओर से दावा किया गया था कि अपराध की जांच करने और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने में इससे काफी मदद मिलेगी। जनवरी में सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता पर सवाल उठा तो मनपा आयुक्त संजय काटकर ने इस कक्ष को फिर से मनपा के माध्यम से चलाने का निर्णय लिया है। इसके लिए तीन शिफ्ट कर्मचारी और एक स्वतंत्र इंजीनियर की नियुक्ति की जा रही है। मनपा के सिस्टम मैनेजर मनस्वी म्हात्रे ने जानकारी दी कि इसके लिए आवश्यक जानकारी पुलिस विभाग को उपलब्ध करा दी जाएगी।मीरा रोड और भायंदर शहर में नए सीसीटीवी वैंमरे लगाने के लिए मनपा की ओर से ५ करोड़ का टेंडर जारी किया गया है। ढाई करोड़ के सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल मनपा की संपत्ति की सुरक्षा के लिए किया जाएगा, बाकी कैमरे सड़क पर लगाए जाएंगे। अब तक मनपा मीरा रोड और उत्तन के पूरे इलाके के सीसीटीवी कैमरों को नियंत्रण में ले लिया है।

## ड्रग्स पैडलर्स के चलते मुंबई और गुजरात में कई मामले दर्ज

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : मुंबई पुलिस द्वारा ड्रग्स तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में ड्रग्स पैडलर्स के ठिकाने पर छापेमारी कर गिरफ्तारी की जा रही है। वर्ष २०२३ में मुंबई पुलिस द्वारा ड्रग्स तस्करी के १०६ मामले दर्ज करते हुए २२९ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों के पास से ५३ करोड़ २३ लाख रुपए के ड्रग्स जब्त किए हैं। गिरफ्तार अधिकतर आरोपियों के तार गुजरात से जुड़े हैं। पाकिस्तान से ड्रग्स तस्कर ड्रग्स ट्रैफिकिंग के लिए सेफ रूट के तौर पर गुजरात को मानते हुए गुजरात से मुंबई में ड्रग्स की तस्करी कर रहे हैं। मुंबई पुलिस की तरफ से २०२३ में की गई कार्रवाई में १०६ मामले दर्ज करते हुए २२९ ड्रग्स पैडलर को गिरफ्तार किया गया, जिनका कनेक्शन गुजरात से मिला है। सूत्रों के अनुसार, तस्कर गुजरात के कच्छ को केंद्र बनाकर पूरे गुजरात सहित मुंबई में ड्रग्स पहुंचाने का जाल बिछा चुके हैं। सूत्र ने बताया कि एक ढाबे में वेटर का काम करने वाले युवक को बमुश्किल



३ हजार रुपए वेतन मिलता था। एक बार उसे एक थैली देकर मुंबई भेजा गया। वह मुंबई से लौटा तो उसका वेतन १५ हजार महीने हो गया। उसकी मुंबई की यात्राएं बढ़ गईं। अब यह युवक २७ लाख रुपए की कार से चलता है। उसने अपने साथ ९ से १० युवाओं को जोड़ लिया है। संदेह है कि ये युवक ड्रग्स पैडलर बन गए हैं। अब इन्हें ६० हजार रुपए मिलते हैं। इन्हें वेतन देने वाले ५ से ७ युवक आका बन बैठे हैं। भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) जहाज समुद्र पावक ने २९ जुलाई, २०१७ को गुजरात के खंबात की खाड़ी के पास एक व्यापारी जहाज को रोका। जांच करने पर जहाज से १,४४५ किलो ग्राम ड्रग्स के कुल १,५२६ पैकेज बरामद किए गए थे। इसमें से १,०१८ पैकेज हेरोइन के और ४२७ किलोग्राम मोर्फिन ड्रग्स के थे। सूत्रों की मानें तो अधिकतर नशे के खेप पंजाब, एमपी और गुजरात से आने वाली ट्रेनों मे पकड़ी जाती है। पिछले सप्ताह मुंबई सेंट्रल जीआरपी ने राजधानी ट्रेन से आए एक आरोपी आशिष बंशीलाल डागा को गिरफ्तार कर उसके पास से १० लाख रुपए का ड्रग्स बरामद किया।

लेकिन पुलिस की लापरवाही से आरोपी को महज २४ घंटे बाद ही कोर्ट से जमानत मिल गई।

## अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन समाज के लिए जीना भी एक तपस्या है : संध्या अदाटे

**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन समाज के लिए जीना भी एक तपस्या है। क्योंकि समाज सेवा से बड़ी कोई भी सेवा नहीं है। इसका मौका भी हर किसी को नहीं मिलता, भगवान यदि किसी को इस लायक बनाता है तो उसे हर हाल में जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। ऐसी ही एक महिला हैं जिनका नाम है संध्या अदाटे है. मीरा-भायंदर की राजनीति में बहुत कम समय में अपनी पकड. और धाक दोनों बरकरार रखने का काम किया है संध्या अदाटे ने. यह कहना है स्थानिय रहवासियों का जो उनके कार्य की सरहाना कर रहें है. बता दे की संध्या अडाते किसी परिचय की मोहताज नहीं है. वह हमेशा गरीब असाह लोगों की मदत करती रहती है. वह महिलाओं को इंसाफ मिले उसके लिए सदा आगे रहती है. ज्ञात हो की २ साल पहले राष्ट्रवादी पार्टी में जुडक़र जनता की



समस्याओं को समझकर उनकी सेवा में अपना योगदान दिया जिससे वह एक समाज सेविका के रुप में दिखी. ऐसे कई छोटे-बढे. दिक्कतों के मद्देनजर उन्होंने साफ सफाई व श्री राम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मिरो रोड के नयानगर में जो हिंदु-मुस्लीम का विवाद हुआ था उसके संर्दभ में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की. संध्या अदाटे ने बताया की अपने कर्तव्य निभाना ही समाज के प्रती सच्ची सेवा है, और मकसद जरूरत मंदों की सहायता करना है। इसके लिए संध्या अदाटे का प्रयास रहता है कि वे स्वयं के व सामाजिक स्तर पर तथा सरकार की तरफ से जरूरतमंदों की हर तरह से मदद उपलब्ध करा सकें। उन्होंने बताया कि जब किसी जरूरतमंद की सहायता की जाती है तो व्यक्ति को सुकुन मिलता है और इसकी अनुभूति किसी अमृत से कम नहीं होती।

# शहर में पानी के मुद्दे को लेकर नेताओं ने पिटा जमकर ढिंढोरा



जेकेएस संवाददाता

मीरा रोड : शहरवासियों को सूर्या डैम से मई महीने में पानी आपूर्ति किए जाने की बात जहां एमएमआरडीए की तरफ से कही गई थी, वहीं नेताओं ने ऐसा ढिंढोरा पीटा था कि जैसे शहर में पानी आ ही गया है। अब सवाल ये उठता है कि शहरवासियों को पानी वैंसे मिलेगा ? जबकि डैम से पानी लाने के लिए पंपिंग स्टेशन के लिए जरूरी बिजली आपूर्ति अभी तक नहीं मिल पाई है। साथ ही अभी तक घोड़बंदर (वसई) खाड़ी पर पाइपलाइन का काम अधूरा है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि शहर को पानी मिलने में देरी हो सकती है। इस योजना के तहत मीरा-भायंदर और वसई, विरार शहर में पानी की आपूर्ति होनी है। कुल ४०३ एमएलडी पानी मिलने वाला है, जिसमें से २१८ एमएलडी मीरा-भायंदर को तो १८५ एमएलडी वसई, विरार शहर को आपूर्ति की जाएगी। बता दें कि मीरा-भायंदर मनपा को पालघर जिले के सूर्या पानी परियोजना से २१८ एमएलडी पानी मिलने वाला है। पानी शहर तक पहुंचाने के लिए सूर्या बांध से चेनागांव तक पाइपलाइन बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। मीरा-भायंदर मनपा की तरफ से शहर में इंटरनल वॉटर पाइप बिछाने का काम पिछले कुछ दिनों से जोरों पर चल रहा है। इस परियोजना को लेकर जमकर राजनीति भी समय-समय पर होती चली आ रही है। वसई-विरार शहर में पानी की सप्लाई कुछ दिन पहले ही शुरू की गई है। मीरा-भायंदर मनपा का दावा था कि मई २०२४ तक शहर में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। शहर में इंटरनल वॉटर पाइपलाइन चैनल बिछाने का काम भी चल रहा है, लेकिन मई तक शहरवासियों को पानी मिल पाएगा, इसकी उम्मीद कम ही दिखाई दे रही है। योजना के तहत पहले चरण में वसई-विरार शहर को १८५ मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति शुरू की गई है। राज्य सरकार ने शहर में इस पानी को वितरित करने के लिए आंतरिक जल चैनल बिछाने के लिए मनपा को ५१६ करोड़ का फंड मंजूर किया है। एमएमआरडीए द्वारा चेना में पानी संग्रहित करने के लिए ५० मिलियन लीटर क्षमता के टैंक का निर्माण किया जा रहा है। मनपा के अनुसार, शहर में मई २०२४ तक पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा हो जाएगा। योजना के तहत जलशोधन संयंत्र में तकनीकी कार्यों सहित सभी ३२ फिल्टर बेड के कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुके हैं। शेष छोटे-मोटे कार्य मार्च तक पूर्ण किए जाने की संभावना है। एमएमआरडीए ने दावा किया है कि मई तक सौ फीसदी काम पूरा हो जाएगा। बाकी सभी कार्य १५ अप्रैल तक पूरा करने की योजना है, जबकि सूर्या डैम से पानी उठाने के लिए १३२ केवी विद्युत आपूर्ति की मंजूरी अब तक नहीं मिल पाई है। इसलिए मई के अंत तक जलापूर्ति शुरू होने में देरी होने की संभावना है। पानी की समस्या से रोजाना परेशान होने वाली शहर की जनता फिलहाल इंतजार कर रही है। चेना गांव तक इस जलापूर्ति को पहुंचाने की जिम्मेदारी एमएमआरडीए की है। अभी वसई खाड़ी पर पाइपलाइन का काम नहीं हुआ है। इसके बाद शहर में पानी वितरण करने का काम मीर-भायंदर मनपा का होता है। -शरद नानेगांवकर, कार्यकारी अभियंता, मीरा-भायंदर मनपा जल आपूर्ति विभाग

# शांत मीरा भाईंदर में तनाव के चलते व्यापारियों की बैठक

भायंदर: मीरारोड के नयानगर क्षेत्र में विगत २१ जनवरी को अयोध्या में राममंदिर प्राणप्रतिष्ठा को लेकर उपजे विवाद को पुलिस ने अपनी दूरदर्शिता से स्थिति सम्हाल ली है लेकिन कानून व व्यवस्था आगे भी बनी रहे इस क्रम में पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने काशीमीरा पुलिस स्टेशन में एक व्यापारियों की बैठक कर शांति व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश दिए ! ताकि शहर का माहोल न बिगडे। २१ जनवरी नयानगर पुलिस स्टेशन की सीमा एक जुलूस के दौरान उपद्रव मचाया गया था जिसको लेकर शांत मीरा भायंदर तनाव हो गया था ! पुलिस का मानना है की उस दौरान घटना के सोशल मीडिया से वायरल फोटो तथा वीडियो का जनमानस पर प्रतिकूल प्रभाव पडा और नयानगर पुलिस स्टेशन के साथ-साथ अन्य पुलिस स्टेशनों में कानून व्यवस्था की समस्या पैदा हो गई। उपरोक्त घटना को लेकर पुलिस मधुकर पांडे, ने कानून व्यवस्था बनी रहे और धार्मिक उन्माद न फैले इस क्रम में काशीमीरा पुलिस स्टेशन में व्यापारियों की बैठक आयोजित कर कानून व्यवस्था बनाए रखने, अधिक से अधिक लोगों से शांति बनाए रखने सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले संदेश, फोटो, स्टेटस न फैलाने की अपील कर दिशा निर्देश दिए साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील कर केवल अधिकारिक मीडिया की खबरों से अवगत रहने निर्देश दिए गए. बैठक में पुलिस उपायुक्त मीरारोड जयन्त बजवले, महेश तराडे, पुलिस सह उपायुक्त, मीरारोड, राजेंद्र कांबले, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, काशीमीरा भी पुलिस उपस्थित थे।



# ठाणे सिविल अस्पताल ने बनाया असंभव को संभव



के/सी/ओ डीएम और विशाल सिस्टेडेनोमा के साथ हाइपोथायरायडिज्म के साथ ४८ वर्षीय पोस्टमेनोपॉजल रोगी ... द्विपक्षीय सैल्फिग़ो ओओफ्रेक्टोमी के साथ कुल पेट की हिस्टेरेक्टॉमी आज की गई। सिस्टेडेनोमा को ध्यान में रखते हुए; सिस्ट का माप ३२,३०,१९ सेमी है जिसका वजन ९.६ किलोग्राम है। द्वारा संचालित किया गया. स्त्री रोग विशेषज्ञ- डॉ. श्रेया शेल्के। स्टाफ एस.एन. माली द्वारा सहायता प्रदान की गई. एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ. प्रियंका मैम ठाकरे दादा नितिन को धन्यवाद।









# नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में दस साल की सजा

**भायंदर।** नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में ठाणे के विशेष न्यायाधीश डी. एम देशमुख ने आरोपी को दस साल की सजा सुनाई है। एक अन्य मामले में दो आरोपियों को सात साल की सजा सुनाई गई है। वर्ष २०१८ में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में राजेश सिंह अंबिका यादव के खिलाफ काशीमीरा थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई स्पेशल डी एम देशमुख द्वारा की गई। इसके बाद न्यायाधीश देशमुख ने राजेश सिंह यादव को दोषी ठहराया और दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। काशीमीरा थाने में सुलेमान रियाज खान, मोहम्मद शाकित, तौसिक खान उर्फ मोहम्मद इदरीस खान के खिलाफ जबरन चोरी का मामला दर्ज किया गया था। ठाणे के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट आर. आर भगत ने इस केस की सुनवाई की। भगत ने सुलेमान और शकित को दोषी ठहराया और उन्हें सात साल की सजा सुनाई।










# भायंदर में ४२ हजार घरों का सर्वे

**भायंदर।** मीरा-भायंदर महानगरपालिका के ५४१ कर्मचारियों द्वारा घर-घर सर्वेक्षण का काम जारी है। सर्वे का काम पूरी नगरपालिका में किया जा रहा है और मनपा के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया है कि अब तक ४२ हजार से ज्यादा घरों का सर्वे पूरा हो चुका है। शहर में कुल छह वार्ड समितियों के तहत घर-घर सर्वेक्षण किया जा रहा है और एक दिन में २० से २५ परिवारों की जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भरी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि मराठा और खुली श्रेणी के परिवारों की जानकारी लेने में कम से कम आधा घंटा लग जाता है।



















# सडकों हाल बेहाल, ट्रैफिक पुलिस की नाकाबंदी से जनता परेशान



**जेकेएस संवाददाता**

मीरा-भायंदर : मीरा-भायंदर शहर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर गाडी चलाने वाले २ हजार २२७ वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। शहर में ट्रैफिक पुलिस नियमित रूप से नाकाबंदी कर वाहनों की जांच करती है। लेकिन तस्वीर का एक और पहलू भी है, जो खस्ताहाल सडक़ों को लेकर है। एक वाहन चालक ने बताया कि मीरा-भायंदर की सडक़ें बद से बदतर स्थिति में हैं। सुबह और शाम को यानी पीक ऑवर में सडक़ों पर काफी ट्रैफिक जाम लग जाता है। ट्रैफिक से बचने के लिए वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते हैं, जिनमें अधिकांश बाइक चालक होते हैं। । एक दूसरे वाहन चालक ने बताया। कि शहर में सडक़ों की स्थिति से लोग ऊब चुके हैं। हर वाहन मालिकों से रोड टैक्स लिया जाता है, है, लेकिन रोड की स्थिति में कोई सुधार नहीं किया जाता है। सडक़ों पर जानलेवा गड्ढे हैं, उनसे और ट्रैफिक से बचने के लिए बाइक सवार किसी तरह से अन्य गलियों से होकर निकलते हैं, तो ऐसे में जुर्माना लेना कहां तक उचित है ? शहरवासी टोइंग सर्विस से भी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि टोइंगवालों के लिए आम आदमी और वीआईपी के लिए नियम अलग-अलग हैं। वीआईपी की गाडिय़ों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, जबकि आम आदमी का वाहन जबरन उठा लिया जाता है।

# शिंदे- फडणवीस में हेल्थ वॉर ! अब मंत्रालय में खुलेगा डिप्टी सीएम का मदद कक्ष

मुंबई : जब से राज्य में एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की ईडी सरकार बनी है, तब से ही दोनों नेताओं के बीच अक्सर टशन देखने को मिलता है। सीएम रह चुके देवेंद्र फडणवीस का चेहरा बता देता है कि वे शिंदे को किस तरह झेल रहे हैं और जब भी मौका मिलता है वे अपनी वरिष्टता बताने से बाज नहीं आते। अब जबकि लोकसभा चुनाव नजदीक आ गया है तो दोनों के बीच हेल्थ वॉर देखने को मिल रहा है। इसके तहत अब मंत्रालय में डिप्टी सीएम का मदद कक्ष खुलने जा रहा है। बता दें कि राज्य में पहले से ही मुख्यमंत्री सहायता कोष है जिसके जरिए कमजोर वर्ग के मरीजों की आर्थिक मदद की जाती है। अब फडणवीस के लिए भी इसी तर्ज पर मंत्रालय में सहायता कक्ष बनाया जा रहा है, जहां पात्र मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में फडणवीस के कार्यालय के सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की स्वास्थ्य सेवा के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष बनाया गया है। अब उपमुख्यमंत्री कार्यालय के माध्यम से एक अलग चिकित्सा सहायता कक्ष स्थापित किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि उद्घाटन के लिए कक्ष का काम तेजी से चल रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को उपचार व मेडिकल सर्जरी के लिए आंशिक रूप से मुख्यमंत्री सहायता कोष से मदद दी जाती है, जबकि डिप्टी सीएम कक्ष से पूरा इलाज निशुल्क होगा। अब राजनीतिक गलियारों में यह सवाल पूछा जा रहा है कि एक ही काम के लिए सरकार में दो अलग-अलग चूल्हे क्यों बनाए जा रहे हैं ? डिप्टी सीएम का कक्ष राज्य के ४६५ अस्पतालों में गरीब मरीजों के लिए आरक्षित १० प्रतिशत बिस्तरों का लाभ जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराने में सहायता करेगा। २०१४ से २०१९ तक सीएम रहते फडणवीस ने अनुभव किया है कि गरीब मरीजों की मदद करने का श्रेय राजनीतिक रूप से कितना फायदेमंद है। अब चर्चा है कि सरकारी मदद में शिंदे गुट को ज्यादा श्रेय मिलता देख फडणवीस ने एक समानांतर सेल का गठन किया है। फडणवीसि को इसका श्रेय मिले इसके लिए इस स्वास्थ्य देखभाल कक्ष का सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यह कक्ष मंत्रालय की पांचवीं मंजिल पर बनाया जा रहा है। सूत्रों ने इस खबर की पुष्ठि की है कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के जरिए इसका प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मुख्यमंत्री सहायता कोष के जरिए चिकित्सा सर्जरी, उपचार कराने वाले गरीबों को आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यानी अगर खर्च २० हजार से ५ लाख है तो १० हजार से ५० हजार रुपए तक मदद मिलती है। यहां बता देना जरूरी है कि पात्र मरीज ही मुख्यमंत्री सहायता कोष का लाभ उठा सकते हैं। जहां तक उपमुख्यमंत्री सहायता कक्ष का सवाल है तो धर्मार्थ अस्पतालों में कुल बिस्तरों का १० फीसदी गरीब मरीजों के मुफ्त इलाज के लिए रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा। मरीजों के परिवार की वार्षिक आय सीमा १ लाख ८० हजार तक होने पर मुफ्त इलाज मिलेगा। यदि वार्षिक आय सीमा १ लाख ८० से ३ लाख ६० हजार के बीच है, तो उप मुख्यमंत्री कार्यालय से ५० प्रतिशत छूट पर उपचार सेवा उपलब्ध होगी।

# खिलाडियों को प्रोत्साहन करने के लिए मैदान की उठी मांग - अजित पाटील

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर, एक तरफ देश में जमीनी स्तर के खिलाडिय़ों की खेल प्रतिभा की खोज के लिए 'खेलो इंडिया, यूथ गेम्स' जैसी प्रतियोगिता आयोजित करने की शुरुआत की गई है. वहीं मुंबई महानगर से सटे और तेजी से विकसित हो रहे मीरा-भायंदर शहर में फुटबॉल, लॉन टेनिस, सीजन क्रिकेट, स्केटिंग जैसे खेलों के लिए मैदान की सुविधा उपलब्ध नहीं है. मजबूरी में शहर के युवा खिलाडिय़ों को शहर के बाहर जाना पडता है. पूर्व नगरसेवक अजीत पाटील ने मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर से शहर के युवा खिलाडिय़ों को उनकी प्रतिभा निखारने, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मैदान उपलब्ध कराने की मांग की है. पाटील ने मनपा आयुक्त से लिखित मांग में कहा है कि शहर में कई मैदान हैं, जिसका शहर के नागरिक व खिलाडी लाभ उठाते हैं. मनपा प्रशासन निधि भी उपलब्ध कराती है, लेकिन सीजन क्रिकेट मैच, फुटबॉल, लॉन टेनिस, स्केटिंग ग्राउंड आदि की सुविधा अब तक नहीं उपलब्ध कराई गई है. फुटबॉल प्रैक्टिस, मैच खेलने के लिए फुटबॉल मैदान के आकार के मैदान तैयार किए जाने की आवश्यकता है. सीजन क्रिकेट की प्रैक्टिस के लिए नेट बनाए गए हैं. वहां खिलाडी प्रैक्टिस तो करते हैं, लेकिन सीजन क्रिकेट मैच खेलने की पिच (खेल पट्टी) उपलब्ध नहीं है. एमसीए द्वारा प्रतिवर्ष १४ वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मुफ्त प्रशिक्षण देती है. खेल पट्टी नहीं होने से इसके मैच आयोजित नहीं होते, जिससे धीरे-धीरे एमसीए द्वारा प्रशिक्षण देने में आनाकानी की जा रही है. शहर के खिलाडिय़ों को एमसीए से योग्य प्रशिक्षण मिले तो शहर में अच्छे खिलाडी तैयार हो सकते हैं. नेताजी सुभाषचंद्र बोस मैदान में सीजन क्रिकेट के लिए खेल पट्टी तैयार की जा सकती है. ऐसे ही शहर के अन्य मैदानों में भी अन्य कई खेलों के लिए जगह सुनिश्चित की जा सकती है, इस पर शीघ्र ध्यान देने की आवश्यकता है.



# नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा भारत रंग महोत्सव की शुरूआत

**जेकेएस संवाददाता**

मुम्बई। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) ने दुनिया के सबसे बडे थिएटर फेस्टिवल, भारत रंग महोत्सव (बीआरएम) के २५वें वर्ष की मुंबई से शुरूआत कर दी है. २१-दिवसीय थिएटर फेस्टिवल का उद्घाटन महाराष्ट्र के राज्यपाल महामहिम रमेश बैस और एनएसडी के चेयरपर्सन (अभिनेता) परेश रावल ने की. यह कार्यक्रम १ फरवरी से २१ फरवरी, २०२४ तक देश के १५ शहरों में आयोजित किया जाएगा जिसमें १५० से अधिक प्रदर्शन, कार्यशालाएं, चचाएं और मास्टरक्लास शामिल होंगे। इस वर्ष भारत रंग महोत्सव की २५वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इस वर्ष का भारंगम के लिए वसुधैव कुटुंबकम-वंदे भारंगम को टैग लाईन बनाया गया है। रंगमंच के माध्यम से वैश्विक एकता को बढावा देने, सामाजिक सद्भाव को समृद्धि प्रदान करने के उद्देश्य का प्रतिरूप है। इसा प्रदर्शन कला के माध्यम से विविध संस्कृतियों को एक साथ लाते हुए, एक साझा वैश्विक परिवार की भावना पैदा करने का उध्येश्य केंद्रित है। रंगमंच के उद्घाटन समारोह पर महाराष्ट्र के राज्यपाल, रमेश बैस ने कहा भारत रंग महोत्सव सांस्कृतिक आदान-प्रदान की शक्ति और प्रदर्शन कलाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव के प्रमाण के रूप में खडा है। एनएसडी के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी ने कहा हम भारत रंग महोत्सव के २५वें वर्ष की शुरूआत कर रहे हैं, यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो कलात्मक उत्कृष्ठता और सांस्कृतिक विविधता के प्रति हमारी स्थायी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस उत्सव का २५वां वर्ष विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह रंगमंच के जादयी उत्सव में विविध नाटकीय आवाजों को एक साथ लाता है। महोत्सव में दर्शक अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतियों, लोक और पारंपरिक नाटकों, आधुनिक नाटकों, स्नातक शो-केस और कॉलेजिएट नुक्कड. नाटकों सहित कई नाटकीय रूपों की एक मनोरम श्रृंखला की प्रस्तुति होने जा रही है। महोत्सव मुंबई, पुणे, भुज, विजयवाडा, जोधपुर, डिब्रूगढ, भुवनेश्वर, पटना, रामनगर, श्रीनगर, वाराणसी, बेंगलूरू, गंगटोक और अगरतला के साथ दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जिससे । थिएटर की परिवर्तनकारी शक्ति का राष्ट्रव्यापी उत्सव सुनिश्चित होगा। आयोजन में कई समानांतर । प्रदर्शनियाँ, निर्देशक-दर्शक संवाद, । चचाएँ और सेमिनार थिएटर के विभिन्न पहलुओं को उजागर करने, सार्थक बातचीत और अंतर्दृष्ठि को बढावा देने में सफल होगा । । उपस्थित लोग अनुभवी कलाकारों के साथ मास्टरक्लास में भाग ले सकते।



# डॉ. आदिती अग्रवाल की कार्यकुशलता से स्तन ट्यूमर की पिडीत महिला को मिली नई जिंदगी

मीरारोड: अलग-अलग तरह के स्तन ट्यूमर से पिडीत ५४ वर्षीय महिला पर इलाज करने उसकी जान बचाने में मिरारोड के बॉक्हार्ट अस्पताल के डॉक्टरों को सफलता हासिल हुई हैं। वॉक्हार्ट अस्पताल के ब्रेस्ट ऑन्को सर्जन डॉ. अदिती अग्रवाल के नेतृत्व में अन्य एक डॉक्टर की टीम ने इस महिला पर इलाज किया है। रत्ना कुमारी (बदला हुआ नाम) यह एक डान्स ट्रेनर हैं। एक सप्ताह पहले उनके दाहिने स्तन पर एक गाठ नजर आई। बॉक्हार्ट अस्पताल के ब्रेस्ट ऑन्को सर्जन डॉ. अदिती अग्रवाल कहा की, यह महिला जब इलाज के लिए हमारे पास आई तब उसकी एक्स रे मैमोग्राफी की जिसमें दोनों स्तनों में घाव का पता चला। दोनों स्तनों की बायोप्सी करने पर यह निदान हुआ कि दाहिने स्तन में एक दुर्लभ घातक फाइलोड्स ट्यूमर है और बाएं में ट्रिपल नेगेटिव इनवेसिव डक्ट कार्सिनोमा है। फाइलोड्स ट्यूमर सभी फाइलोड्स ट्यूमर का १% है और घातक फाइलोड्स ट्यूमर सभी फाइलोड्स ट्यूमर का १०-१५% है। दो अत्यंत भिन्न स्तन कैंसरों का इलाज करना चुनौतीपूर्ण है। ऐसी स्थिती में ट्रिपल नेगेटिव स्तन कैंसर के लिए, हम सर्जरी के बाद नियोएडजुवेंट कीमोथेरेपी करने कि सलाह दी। महिला के दोनों स्तन को बचाना था। हमने एक द्विपक्षीय स्तन कंजर्वेटिव सर्जरी की और उसी समय फ्लैप के रूप में आसपास के ऊतकों के साथ एक्साइज कैंसर क्षेत्र का पुनर्निर्माण किया। सर्जरी के बाद अब महिला की सेहत में सुधार हो रहा हैं।डॉ. अदिती ने कहा, वॉक्हार्ट हॉस्पिटल ने व्यापक कैंसर देखभाल में एक नया मानक स्थापित किया है, जो अत्याधुनिक सुविधाएं और जटिल मामलों को सटीकता और करुणा के साथ प्रबंधित करने के लिए समर्पित अंग-विशिष्ठ विशेषज्ञों की एक टीम प्रदान करता है। ३ डी मैमोग्राफी और एमआरआई निर्देशित बायोप्सी सहित अत्याधुनिक इमेजिंग तकनीक के साथ, अस्पताल सबसे जटिल स्तन कैंसर के मामलों का भी शीघ्र पता लगा सकता हैं। हमारी बहु-विषयक टीम का दृष्ठिकोण वैयक्तिकृत उपचार योजनाएँ प्रदान करता है। स्तन कैंसर से प्रभावित लोगों को नई जिंदगी देना हमारा मुख्य उद्देश हैं।ध मरीज रत्ना कुमारी ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे स्तन कैंसर होगा, वह भी मेरे दोनों स्तनों में। मुझे कैंसर का पता चलने पर में काफी डर गई थी। हालाँकि, डॉक्टरों की टीम की विशेषज्ञता के लिए धन्यवाद, मैं अब उनके त्वरित और प्रभावी उपचार के लिए गहरा आभार व्यक्त करने में सक्षम हूं जिसने मेरे स्तनों को बचा लिया। कैंसर के कारण स्तनों का एक हिस्सा या दोनों स्तन खोना मेरे या किसी भी महिला के लिए दर्दनाक हैं। स्तन कैंसर से खुद की जान बचना काफी कठिण था। लेकिन अस्पताल के डॉक्टर ने तुरंत इलाज करके मेरे दोनों स्तन को बचाकर मुझे नई जिंदगी दी हैं। मुझे फिर से जीने की उम्मीद देने के लिए में डॉक्टर को धन्यवाद देती हूं।



# नेताओं की बयानाबजी के चलते झगडे फसाद

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड : हिंदू-मुस्लिम समुदाय के बीच फसाद करवाने में नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। देश में कई जगह नेताओं की बेतुकी बयानबाजी के चलते झगड़े फसाद हुए हैं। ऐसे ही मीरा रोड में भी दो समाज में आग लगाने का काम पिछले दिनों भाजपा के एक विधायक ने किया था, ऐसा आरोप भाजपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ट के पदाधिकारियों ने लगाया है। भाजपा अल्पसंख्यक विभाग महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष डॉ. एम अहमद सिद्दीकी राणा ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ऐसे नेताओं पर नकेल कसने की बात कही है,बता दें कि २१ जनवरी को मीरा रोड के नयानगर में कुछ उपद्रवियों के कारण शहर का माहौल बिगड़ गया था। दोनों समुदायों के बीच भाई-चारे जैसा माहौल बना रहे, उसके लिए स्थानीय नेता व पत्रकारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिससे माहौल शांत है। उस दौरान पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग की भूमिका भी सराहनीय रही, जिसकी लोग तारीफ कर रहे हैं। डॉ. राणा ने पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री को सूचित किया है कि भारत सरकार के एक केंद्रीय मंत्री के सुपुत्र मुस्लिम समुदाय के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं। भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास की बात करती है, लेकिन पार्टी में कुछ ऐसे नेता हैं जो मुस्लिम विरोधी बयान देकर हिंदू-मुस्लिम एकता को बिगाड़ने के लिए पार्टी और देश का नुकसान करने की साजिश रचते रहते हैं। इससे देश के साथ ही आपकी बदनामी होती है। राणा ने कहा कि इस विषय की जानकारी महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को भी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि नयानगर के मुसलमानों ने इस बात को स्वीकार किया कि कुछ मुस्लिम उपद्रवियों ने माहौल को खराब कर समुदाय को बदनाम किया है।



डॉ.एम. अहमद सिद्दीकी (राना)
पूर्व कार्याध्यक्ष : महाराष्ट्र राज्य उर्दू साहित्य अकादमी
अल्पसंख्यांक विकास विभाग, महाराष्ट्र शासन

Dr. M. Ahmed Siddiqi (Rana)
Ex-Executive Chairman
Maharashtra State Urdu Sahitya Academy
Minority Development Department Govt. of Maharashtra

Ref. No. ____________ Date : 27.1.2024

सेवा में
माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी आदरणीय प्रधानमंत्री भारत सरकार

विषय
माननीय नारायण राणे मंत्री भारत सरकार के पुत्र नितेश राणे को मुस्लिम मुखालिफ बयान देने से रोका जाए

महोदय

जब से आप देश के प्रधानमंत्री बने हैं देश उन्नति की ओर बढ़ता जा रहा है हर धर्म हर समाज के लोग आप पर विश्वास कर रहे हैं पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन हो रहा है ऐसी खूबसूरत घड़ी में आपके निर्देश के बावजूद कुछ पार्टी में रहने वाले नेता अपने नामो नमूद के लिए मुस्लिम मुखालिफ बयान देकर हिंदू मुस्लिम एकता को बिगाड़ने के लिए पार्टी और देश का नुकसान करने की साजिश रचते रहते हैं जो आपकी बदनामी की वजह बनते हैं उसी में एक नाम नितेश राणे का भी है जो हर आए दिन मुसलमानों के खिलाफ टिप्पणी करने से बाज नहीं आते इनके पिता श्री नारायण राणे जी जो पहले हिंदू हृदय सम्राट स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे के साथ रहा करते थे स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे ने इनको महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री भी बनाया था उनकी वफा में कहां कमी रही कि यह शिवसेना छोड़कर कांग्रेस में चले गए थे उन्हीं के पुत्र नितेश राणे जी हैं महोदय

अगर वक्त रहते उनकी हरकतों पर लगाम नहीं लगाया गया तो पार्टी के लिए हानिकारक हो सकते हैं नितेश राणे जैसे लोगों की वजह से अल्पसंख्यक समाज पार्टी से जुड़ने से कतराता रहता है और पार्टी से जुड़े अल्पसंख्यक समाज के कार्यकर्ता और नेताओं की सारी मेहनत खराब हो जाती है श्रीमान से प्रार्थना है कि आपके दिए हुए निर्देशों पर ना अमल करने वाले नेताओं के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए

विषय की जानकारी महाराष्ट्र के भाजपा अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर बावनकुले जी को भी दी जा चुकी है

मान्यवर नितेश राणे के सभी बयानों की जांच की जानी चाहिए

धन्यवाद

आपका देश का और भारतीय जनता पार्टी का शुभचिंतक

डॉ एम अहमद सिद्दीकी राणा

पूर्व कार्य अध्यक्ष उर्दू साहित्य अकादमी महाराष्ट्र


## मिरा - भाईंदर महानगरपालिका

स्व. इंदिरा गांधी भवन,मुख्य कार्यालय, छत्रपती शिवाजी महाराज मार्ग, भाईंदर (प.) ता. जि. ठाणे - ४०१ १०१, दुरध्वनी क्र. ८१८२८२८

जा. क्र./मनपा/मध्यवर्ती भांडार/३०५/२०२३-२४ दिनांक : ३१/१०/२०२४

## Tender Notice

Government /Semi-Government Institutions. Local Self Government Institutions are inviting online tenders form contractors with relevant experience for the following works. Blank tender form of this tender **dated. 01/02/2024 to dt. On 09/02/2024** at 3.00 pm. The e-tendering of the Corporation will be available on the Government of Maharashtra`s website http://mahatenders.gov.in till 3.00 pm. The hint amount, form fee will be accepted online through the online receipt system available on the e-tendering website. It should be noted. The tender for this work was called in two envelopes. **On 12/02/2024** at 3.00 pm. These will be accepted online on the website till 3.00 pm. The tender was issued on. Will open on **13/02/2024.** (Tender sanctioned amount Rs. 10.00 lakhs)

| Sr.No. | Particulars | Form Fees + GST Tax 18% | EMD Deposit |
|---|---|---|---|
| 1. | Supply of Daily News papers, Weekly, Forthightely, Diwali Ank & Monthly messengers etc. | रु. 3400 + रु. 612 = रु. 4012/- | रु. 17,000/- |

Ref. No. MBMC/PRO/E1384204/2023-24
Date : 02/02/2024

सही/-
( सुनिल यादव )
सहा. आयुक्त (मध्यवर्ती भांडार विभाग)
मिरा भाईंदर महानगरपालिका

# शहर के सभी डॉक्टरों ने मिलकर पुलिस विभाग का किया सत्कार



**जेकेएस संवाददाता**

भाईंदर : मीरा-भायंदर के सभी डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय कार्यालय मे आयुक्त मधुकर पांडे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्रीकांत पाठक और पुलिस उपायुक्त जयंत बजबले के अनथक प्रयासों के लिए उनका अभिनंदन करने के लिए एकत्रित हुआ। मीरा भायंदर में कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए पिछले १० दिनों के दौरान एमबीवीवी के पूरे पुलिस विभाग द्वारा लिया गया कदम एक चुनौती और तनावपूर्ण था. वही मीरा भायंदर के नागरिक भी बहुत तनाव मे थे। बैठक की व्यवस्था डॉ राजीव अग्रवाल द्वारा की गई थी। डॉ. राजीव अग्रवाल ने आयुक्त मधुकर पांडे को गणतंत्र दिवस पर पर राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने की बधाई भी दी। उन्होंने बताया कि ऐसे गतिशील व्यक्ति के कुशल नेतृत्व में पूरा विश्व सुरक्षित है और हम सभी बिना किसी चिंता या तनाव के शांति से सो सकते हैं. आयुक्त मधुकर पांडे सभी डॉक्टरों द्वारा किए गए सम्मान और प्यार से बहुत प्रसन्न थे और उन्होंने मीरा भाइंदर के सभी नागरिकों को आश्वासन दिया कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी दोषी को माफ नहीं किया जाएगा और किसी भी निर्दोष व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में फंसाया नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से यह भी अनुरोध किया कि वे सोशल मीडिया पर संवेदनशील जानकारी फॉरवर्ड और डालने से बचें क्योंकि यह अनावश्यक रूप से तनाव पैदा करती है और भावनाओं को खराब करती है। उन्होंने लोगों से आगे आने और मीरा भाईंदर में किसी भी आपराधिक गतिविधियों के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी को यह भी बताया कि अब पुलिस विभाग मीरा भाईंदर के नागरिकों को जागरूक करने और उनके मन में पुलिस विभाग से संपर्क करने के डर को दूर करने के लिए जागरूकता शिविर आयोजित कर रहा है।

# राम कथा की शुरूआत कलश यात्रा से शुरू होगी-गीता जैन



मीरा रोड : चित्रकूट के जगगुरु रामभद्राचार्य मीरा रोड में रामकथा का वाचन करने वाले है। भव्य रामकथा का आयोजन मीरा रोड के एसके स्टोन के पास किया गया है। यह आयोजन विधायक गीता जैन द्वारा किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री सहित उत्तरप्रदेश से कई नेता रामकथा का रसपान करने वाले है। इस आयोजन को लेकर गीता जैन ने कहा कि रामकथा की शुरूवात कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें चार से पांच हजार महिलाएं शामिल होंगी। रामकथा का आनंद रामभक्त पांच फरवरी से १३ फरवरी तक रोजाना शाम चार बजे से सात बजे तक ले सकते है। जैन ने बताया कि फिलहाल २० से २५ हजार भक्तों की वयवस्था की गई है और यह संख्या ५० हजार भी हो सकती है जिसकी तैयारी उनकी टीम कर चुकी है। सात, आठ, नौ फरवरी को हनुमान मंदिर गोल्डेनेस्ट का जीर्णोद्धार रामभद्राचार्य के हाथों होगा इस मंदिर में कई देवी देवताओ की मूर्ति की स्थापना की जाएगी।

# कुख्यात अपराधी को किया तड़ीपार

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : इसाम नाम मोहम्मद कैफ नासिर मलिक जिसकी उम्र ३७ साल की है. और यह निवासी महामहिम, बिल्डिंग नं. ०३/१५०१, हटकेश मीरारोड पूर्व जिला ठाणे में रहता है. मीरारोड पुलिस स्टेशन ने भारतीय दंड संहिता के अध्याय १६ और १७ के तहत मामला दर्ज किया है. एक शातीर क्रिमिनल जिसको पुलिस ने कई बार चेतावनी दी, सुधरने के कई मोके दिए ताकि वह अपराध की गलियों में ना जाकर अच्छे व्यवहार को अपनाए. उसके बाद नोटिस भी दिया, फिरभी इसने अपराधों की राह को नहीं छोडा एक के बाद एक क्राईम करता ही चला गया. मोहम्मद कैफ नासिर मलिक के खिलाफ कई पुलिस थाने में १० गंभीर अपराधिक मामले दर्ज है, जौसे की चोरी और हाल्फ मर्डर. इमाम नाम मोहम्मद कैफ नासिर मलिक ने कानुन का पालन न करते हुए अपना आपराधिक सिलसिला जारी रखा, जिसके चलते आम नागरिकों में आतंक का माहोल पैदा हो गया. इसाम नाम मोहम्मद कैफ नासिर मलिक की आपराधिक और आतंकवादी गतीविधियों को देखते हुए और आम नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए, मिरारोड पुलिस स्टेशन ने इसाम नाम मोहम्मद कैफ नासिर मलिक और अन्य सबूतों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरु की, जिसके चलते इसाम नाम मोहम्मद कैफ नासिर मलिक को मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे, पालघर और रायगढ.जिलों से २ साल के लिए निर्वासन आदेश जारी किया है.

# नीतु मांग रही इंसाफ, ऑक्सीजन पर जीवित, एक ऐसी महिला की कहानी

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : मीरारोड की रहिवासी महिला ने हमारी जेकेएस संवावदाता को अपने जीवन से अधारित सपूंर्ण कहानी बताई. जिनके जीवन की शुरुवात खुबसुरत प्यार के लहमो से शुरु होती है और कई उतार- चढाव आते-आते ऐसी मौत की कगार पर आकर रुक जाती है जिनके बारे में सुनकर आपका दिल दहल उठेगा. नीतु नामक महिला ने बताई आपबीती कहानी की कैसे उन्होंने अपनी अंतर्जातीय शादी-शुदा जिंदगी की शुरुआत की उनके पती शैलेन्द्र हुमने के साथ. नीतु पढी लिखी थी जो कमाने की कोशिश करती थी, अपने पति का हाथ बटाने के लिए, पर उसे रोक दिया जाता था। उसकी घर ग्रहस्ती अच्छी चल रही थी लेकिन ससुराल के कुछ लोग उसकी जाती, शारीरिक तकलीफ.से लेकर हर बात पर टिप्पनी करते थे, जब की बाकी लोग मुखदर्शी बनके देखते थे। नीतु की आए दिन तबियत खराब रहने लगी, कारण था उसका घरेलू मानसिक दबाव और उसकी वजह से फेफडो पर होता असर, जो शादी के पहले से एक ही जिवित था। फिर से काम शुरू करने की कोशिश मे उसने एक महिला को अपने व्यावसायिक काम पे रखा, जो उनका काम संभालने लगी, ऐसे में धीरे-धीरे उस लडक़ी से घरेलु संबंध अच्छे बनने लगे, जिसके बाद शैलेंद्र और उस लडक़ी की नजदीकीया बढ.गई. कहते है जब दो पती पत्नी के बीच तीसरी आ जाती है तो घर की सुख शांती चली जाती है। नीतु के साथ भी वही हुआ। फिर आए दिन घर में क्लेश, वाद-विवाद और गलत के खिलाफ बोलने पर उसकी शादी तोड़ने पर उतारू हो जाते थे। सफेदपोश लोगो की निर्दयता को चौखट के बाहर साबित करना नामुमकिन होता है और इस बात का धनी और रसूखदार लोग इस्तेमाल करते है। इन सबके बाद नीतु और भी तनाव में रहने लगी, उसने अपने पती शैलेंद्र को समझाने के काफी प्रयास किए लेकिन वह नाकाम रही, आखिरकार परेशान होकर नीतु ने जनवरी २०२० में हद से ज्यादा सताए जाने पर जान



देने की कोशिश की। जिसके चलते अहंकार में आकर ससुराल वालों ने उसको अधमरी हालात में तलाक के लिए कोर्ट में घसीट के दबाव बनाने की कोशिश की क्योंकि उनको शारिरिक कमजोरी का मालूम था। गृहिणी होने के नाते उसके साथ परिवार जुडा होता है,कानूनन लडाई उसको अकेले लडऩी पडत़ी है और समाज भी उसी पे संदेह करता है। इसी से झुझते हुए आखिरकार नीतू ने इंसाफ के लिए घरेलू हिंसा के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस स्तिथि मे मिरा-भायंदर के प्रसीद्ध सुलझे हुए वकील ऐडगर ब्रीगेंझा जो नीतु को इंसाफ दिलाने के लिए काफी प्रयास कर रहे है. नीतु ने संवादाता को बताया की मेरी स्थिती काफी गंभीर है में एक लंग्स के सहारे जिंदेगी काट रही थी पर अब मुझे हर पल ऑक्सीजन मशीन की जरूरत पडती है। मेरा गुजारा काफी मुशकीलों से गुजर रहा है। न्यायालय मेरा सज्ञान ले, ठंडे बस्ते मे पडे जैसे मामले को न्याय तक पहुचाए। उनकी एक बेटी नीतु और शैलेंद्र की एक बच्ची है जिसके परवरिश नीतु कर रही है जिसके पढने का खर्चा नीतु के भाई उठा रहे है, और बाकी खर्चो का इंतजाम वो मदद लेके करती है। घर का किराया , बिमार चल रहे पिताजी दे रहे है। ये सभी लोग कोर्ट से नीतू के लिए इन्साफ का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस से कोर्ट तक जाते-जाते, बहुत भेदभाव और हर तरफ के दबाव से गुजरते हुए तीन साल से कोर्ट से इन्साफ का इंतजार कर रही है। चलती फिरती महिला को हर तरह से मोहताज कर दिया है। अब वो २४ घंटे ऑक्सीजन मशीन पर रहने पर मजबूर है, जब तक चल फिर सकती थी, उसने हर कोने में गुहार लगाई पर अब जब बिस्तर पकड. लिया है, और कोर्ट ना जाने की उम्मीदी टूट गई है और इसीलिए मजबूरन गुहार लगाई है। जैसै साधारण, वेसै ही दिव्यांग व्यक्ति को भी बराबरी का मानव अधिकार है। वो चाहती है उसके साथ हो रहे अत्याचार को, मानव अधिकार संगठन संग्यान मे लेकर उसे जल्द इंसाफ दिलाए। वो कहावत "Justice delayed is justice denied" को नीतू सच नही करना चाहती।

# डॉक्टर परमेश राठी का कारनामा, सरकारी जमीन पर अपनी जमीन का दावा



डॉक्टर परमेश राठी के सारे कारनामे सामने आए.... मीरा-भाईंदर में उन्होंने सरकारी जमीन (मीठागर) पर अपनी जमीन होने का झूठा दावा किया और गांव मौजे भाईंदर सर्वे ३४० शेयर नंबर २ में मीराभाईंदर नगर निगम की फर्जी संपत्ति कर रसीदें पेश कीं मीठाघर की शासकीय भूमि क्रमांक ५६, ५७ पर दुकान, इस दुकान का दावा न्यायालय में विचाराधीन है तथा स्टे के दौरान परमेश राठी एवं टन क्रमांक ४ पंजीयन कार्यालय में धनंजय लाड पंजीकृत अधिकारी ने फर्जी दस्तावेजों के साथ धर्मेश मिस्त्री के नाम पर दुकान नंबर ५६, ५७ के निजी हित परमेश राठी के पक्ष में विक्रय पत्र पंजीकृत किया। आम लोग धर्मेश मिस्त्री और लेने वाले पंजीकृत अधिकारी धनंजय लाड के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फर्जी रजिस्ट्रेशन परमेश राठी ताकि आम गरीब लोगों को आगे से धोखा न मिले।

# मिरा भाईंदर में क्लस्टर विकास योजना सर्वेक्षण की स्पीड

मीरा-भायंदर. समूह विकास योजना (क्लस्टर) के लिए मीरा-भायंदर मनपा द्वारा कराए जा रहे सर्वेक्षण ने शुरुआती विरोध के बाद अब रफ्तार पकड.ली है. शहर में एकीकृत क्लस्टर विकास योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार से हरी झंडी मिलने के महीनों बाद, शहरी नवीनीकरण योजनाओं (यूआरपी) के तहत चिन्हित किए गए क्षेत्रों का सर्वेक्षण आखिरकार हाई-टेक टेक्नोलॉजी के आधार पर गति पकड.ली है, जिसमें डिस्टोमीटर, मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) या लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग मशीनों से लैस ड्रोन शामिल हैं. ठाणे मनपा की तर्ज पर समूह विकास योजना (क्लस्टर) के मीरा-भायंदर में लागू करने के संदर्भ में राज्य के शहरी विकास विभाग द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई थी, जिसके बाद मीरा-भायंदर मनपा ने बहुप्रतीक्षित क्लस्टर योजना शुरू करने के लिए २४ यूआरपी (४५० हे.) के क्षेत्र को समाहित करने वाला नक्शा जारी किया था, जिससे बडे.पैमाने पर जर्जर और खतरनाक इमारतों और झुग्गी झोपडी में रहने वालों को बडे.पैमाने पर लाभ मिलेगा. ७ क्षेत्रों का सर्वेक्षण प्रथम चरण में क्लस्टर विकास शुरू करने के लिए मशाचा पाडा (१५.६६ हेक्टेयर), मांडवी पाडा (१९.४७ हेक्टेयर), डाच कुल पाडा (२७.७४ हेक्टेयर), महाजन वाडी (१०.४४ हेक्टेयर), पेनकर पाडा (२७.७४ हेक्टेयर), ६० फीट रोड, भायंदर पश्चिम (२९.३८ हेक्टेयर) और आंबेडकर नगर (४.४९ हेक्टेयर) इन ७ क्षेत्रों में शहरी नवीनीकरण योजना (यूआरपी) का सर्वेक्षण किया जाएगा.



जण कल्याण सेवा की संपादक सीमा गुप्ता व एंटी करप्शन कमीटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रबिन्द्र व्दिवेदी व राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक व्दिवेदी ने काशीमिरा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरक्षक राजेन्द्र कामले को शुभकामनाएं दी

# बांसुरी की धुन से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

भायंदर : शुक्रवार की सुबह प्रसिद्ध शास्त्रीय बांसुरी वादक पद्म विभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया और शास्त्रीय बांसुरी वादक विवेक सोनार की मनमोहक और मीठी धुन से श्रोता गण मंत्रमुग्ध हो गए. पं. चौरसिया ने सुबह ६ बजे बांसुरी से अदभुत 'ललित राग' प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रोताओं के हृदय में ताजगी का संचार हो उठा. बता दें मीरा-भायंदर शहर वासियों की सांस्कृतिक भूख मिटाने विधायक प्रताप सरनाईक विगत ६ वर्षों से लगातार देश के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित करते रहते हैं. इस वर्ष भी इंद्रलोक परिसर स्थित बालासाहेब ठाकरे मैदान में गुरुवार से ४ दिवसीय विहंग संस्कृति मीरा भायंदर आर्ट्स फेस्टिवल की धमाकेदार शुरुआत की गई है. उद्घाटन गुरुवार शाम पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय, जिलाधिकारी अशोक शिंगारे, मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर के हाथों किया गया. इससे पूर्व शहर की सामाजिक एकता के दर्शन कराने हेतु भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी. इस दौरान गायिका मैथिली ठाकुर ने प्रभु श्रीराम के सुमधुर भजनों से हजारों श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया था.

# दो शातिर सेंधमार गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई। भायंदर (मुंबई) नवघर पुलिस ने दो शातिर सेंधमारों को गिरफ्तार कर तीन सेंधमारी की घटना का पदार्फाश किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राहुल मुक्तिनारायण पाठक की दूकान का ताला तोडक़र अज्ञात लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने सेंधमारी की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच की तो जयसिंह दत्तू राठोड उम्र २० वर्ष सूरज मोतीलाल त्रिपाठी उम्र २२ को पुलिस ने गिरफ्तार कर जब इन लोगों से पूछताछ की तो दोनों युवकों ने तीन अन्य सेंधमारी की घटना को अंजाम दिए जाने की पुष्ठि की। पुलिस ने इन दोनों के



पास से ३१ हजार ४०० कीमत के सामान नगदी बरामद की है। पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे, अपर पुलिस आयुक्त श्रीकांत पाठक पुलिस उपायुक्त जयंत वजबले के मार्गदर्शन में वरिष्ट पुलिस निरीक्षक धीरज कोली सहायक पुलिस निरीक्षक संदीप पालवे, विशाल धायगुडे, ज्ञानेश्वर आसने, सतोष पाटिल, भूषण पाटिल, सुरेश चव्हाण, नवनाथ घुगे, ओंकार यादव सूरजसिंग घुनावत ने गिरफ्तार किया है।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI